Roll No. ....................

# 1201

## कक्षा 12वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' गीत बच्चन के किस काव्य संग्रह से लिया गया है?

(अ) मधुशाला (ब) मिलन यामिनी

(स) निशा–निमंत्रण (द) मधुकलश

(ii) छन्द में अल्पविराम को कहते हैं –

(अ) यति (ब) गति

(स) लय (द) तुक

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ है –

(अ) रेखाचित्र (ब) संस्मरण

(स) आलेख (द) एकांकी

(iv) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार होते हैं –

(अ) तीन (ब) पाँच

(स) आठ (द) दस

(v) यशोधर बाबू अपना आदर्श मानते थे –

(अ) अपने साले को (ब) अपनी पत्नी को

(स) भूषण को (द) किशनदा को

(vi) भारत में पहला छापाखाना खुला –

(अ) 1500 में (ब) 1556 में

(स) 1580 में (द) 1599 में

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(i) रीतिकाल का प्रमुख रस ................................................ है। (श्रृंगार / शांत)

(ii) कविता के पंख लगा उड़ने के माने .............................. क्या जाने। (चिड़िया / बच्चे)

(iii) 'शेर के बच्चे' का असल नाम .................................. था। (चाँद सिंह / लुट्टन सिंह)

(iv) वे शब्द जो किसी ज्ञान विज्ञान के विशेष क्षेत्र में एक विशिष्ट तथा निश्चित अर्थ में प्रयुक्त किए जाते हैं, ........................... कहलाते हैं। (तकनीकी शब्द / क्षेत्रीय शब्द)

(v) आनंद के मराठी अध्यापक का नाम ........................................................ था। (रणनवरे / न.व. सौंदलगेकर)

(vi) उल्टा पिरामिड शैली को ............................ हिस्सों में बाँटा जाता है। (तीन / पाँच)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) रघुवीर सहाय दूसरे सप्तक के कवि हैं।

(ii) छन्द में गणों की संख्या नौ होती है।

(iii) भक्तिन लोगों से अपना वास्तविक नाम छुपाती थी।

(iv) 'सुभद्रा कुमारी चौहान विद्वान महिला थीं' वाक्य सत्य है।

(v) श्री मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

(vi) समाचार लेखन में सात 'ककार' होते हैं।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×7=7)

| | स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | रुबाइयाँ | (क) | विस्मित करने वाली |
| (ii) | रीतिकालीन कवि | (ख) | सम्पर्क भाषा |
| (iii) | वात्सल्य रस | (ग) | फिराख गोरखपुरी |
| (iv) | भक्तिन की सहज बुद्धि | (घ) | शब्द शक्ति |
| (v) | शब्द के अर्थ व्यापार | (ङ) | आनन्द यादव |
| (vi) | 'जूझ' | (च) | वत्सल प्रेम |
| (vii) | राष्ट्रभाषा | (छ) | भूषण |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×7=7)

(i) बात बाहर निकलने के बजाय कैसी हो गई?

(ii) पंडित राज जगन्नाथ के अनुसार रस की परिभाषा लिखिए।

(iii) बच्चों की टोली का नाम क्या था?

(iv) 'बाजार दर्शन' पथ के लेखक कौन हैं?

(v) बाएँ हाथ के धनुर्धर को क्या कहते हैं? एक शब्द में लिखिए।

(vi) जूझ उपन्यास के हिंदी अनुवादक का नाम लिखिए।

(vii) डेडलाइन किसे कहते हैं?

प्र.6 प्रयोगवाद की दो रचनाएँ एवं उनके कवियों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

नई कविता की दो विशेषताएँ एवं दो कवियों के नाम लिखिए।

प्र.7 दिशाओं को मृदंग की तरह बजाने से क्या तात्पर्य है? लिखिए। (2)

अथवा

शीतल वाणी में आग होने का क्या अभिप्राय है? लिखिए।

प्र.8 कवित्त छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

अद्भुत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 प्रबंध काव्य एवं मुक्तक काव्य में कोई दो अंतर उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

बिंब विधान योजना से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 रेखाचित्र एवं संस्मरण में कोई दो अंतर उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

नाटक एवं एकांकी में कोई दो अंतर उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.11 'भक्तिन की कहानी अधूरी है' लेखिका महादेवी ने ऐसा क्यों कहा? (2)

अथवा

लुट्टन के जीवन के किस–किस मोड़ पर क्या–क्या परिवर्तन आए 'पहलवान की ढोलक' कहानी के आधार पर लिखिए?

प्र.12 मुहावरे एवं लोकोक्ति में दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

विज्ञापन लेखन में किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है? लिखिए।

प्र.13 संकेत वाचक वाक्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

क्षेत्रीय शब्द से क्या तात्पर्य है? लिखिए।

प्र.14 किस आधार पर कहा जा सकता है कि सिंधु सभ्यता में राजतंत्र नहीं था? (2)

अथवा

'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

प्र.15 टेलीविजन की खबरों के विभिन्न चरणों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

स्तंभ लेखन क्या है? लिखिए।

प्र.16 सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' अथवा कुँवर नारायण की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

(iii) कलापक्ष

प्र.17 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा धर्मवीर भारती की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 भाव पल्लवन कीजिए – (3)

'परहित सरिस धरम नहिं भाई'

अथवा

दो मित्रों के बीच परीक्षा की तैयारी पर चर्चा का संवाद लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किंतु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन द्वारा स्वतंत्रता नहीं छीनी जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम स्वतंत्र हैं। हमें बाईं तरफ से चलना चाहिए, किंतु हम चाहें तो बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने प्राण तो संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी राष्ट्र–निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए जिससे वे भारत के सच्चे सपूत क़हला सकें।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(2) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(3) 'राष्ट्र–निर्माता' का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

अथवा

कल जो हमारी सभ्यता पर थे हंसे अज्ञान से
वे आज लज्जित हो रहे हैं अधिक अनुसंधान से।
जो आज प्रेमी हैं हमारे भक्त कल होंगे वही,
जो आज व्यर्थ विरक्त हैं अनुरक्त कल होंगे वही।
सब देश विद्या प्राप्ति को सतत् यहां आते रहें,
सुरलोक में भी गीत ऐसे देव–गण गाते रहें।
हैं धन्य भारतवर्षवासी धन्य भारत वर्ष है,
सुरलोक से भी सर्वथा उसका अधिक उत्कर्ष है।।

प्रश्न –

(1) प्रस्तुत काव्यांश का भाव लिखिए।

(2) प्रस्तुत काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

(3) देव–गण कैसे गीत गाते रहे हैं?

प्र.20 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटीसों बेटा न ब्याहब, काहूकी जाति बिगार न सोऊ।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।
माँगि के खैबो, मसीत को सोइबो, लैबोको एकु न दैबको दोऊ।।

अथवा

हम दूरदर्शन पर बोलेंगे,
हम समर्थ शक्तिमान
हम एक दुर्बल को लाएँगे
एक बंद कमरे में
उससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4)

सेवक – धर्म में हनुमान जी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनाम धन्या गोपालिका की कन्या है – नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बंध सकी।

अथवा

उस बल को नाम जो दो; पर वह निश्चय उस थल की वस्तु नहीं है जहाँ पर संसारी वैभव फलता–फूलता है। वह कुछ अपर जाति का तत्त्व है। लोग स्पिरिचुअल कहते हैं; आत्मिक, धार्मिक, नैतिक कहते हैं। मुझे योग्यता नहीं कि मैं उन शब्दों में अंतर देखूँ और प्रतिपादन करूँ। मुझे शब्द से सरोकार नहीं। मैं विद्वान नहीं कि शब्दों पर अटकूं।
लेकिन इतना तो है कि जहाँ तृष्णा है, बटोर रखने की स्पृहा है, वहाँ उस बल का बीज नहीं है। बल्कि यदि इस बल को सच्चा मानकर बात की जाए तो कहना होगा कि संचय की तृष्णा और वैभव की चाह में व्यक्ति की निर्बलता ही प्रमाणित होती है। निर्बल ही धन की ओर झुकता है। वह अबलता है।

प्र.22 नगर पालिका अध्यक्ष को नियमित सफाई न होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए। (4)

<u>अथवा</u>

राज्य स्तरीय बालरंग में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए। (4)

(i) श्रम का महत्त्व

(ii) स्वच्छ भारत अभियान

(iii) मेरे सपनों का भारत

(iv) वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता

(v) महानगरीय जीवन

---